# कार्यालय जिलाधिकारी, जौनपुर

## दिनांकः 28.03.2025 को जनपद में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं की प्रगति व गुणवत्ता से सम्बन्धित सम्पन्न समीक्षा बैठक की कार्यवृत्ति।

दिनांकः 28.03.2025 को अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में NIC कक्ष में अपरान्ह 7:00 बजे जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत जनपद में निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं की प्रगति व गुणवत्ता के सम्बन्ध में ऑन लाइन समीक्षा बैठक की गयी। समीक्षा बैठक में निम्न की उपस्थिति रही–

1. अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), जौनपुर।
2. उपजिलाधिकारी, तहसील (मड़ियाहूँ, सदर, बदलापुर, केराकत, मछलीशहर, शाहगंज), जौनपुर।
3. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, जौनपुर।
4. डी0पी0एम0, टी0पी0आई0ए0, मेसर्स मेधज टेक्नों कान्सेप्ट प्रा0लि0, जौनपुर।
5. श्री प्रवीण गोसाले, प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी)।
6. श्री कृपाशंकर सिंह, प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर।

बैठक की कार्यवृत्ति का विवरण निम्नानुसार है–

1 अधोहस्ताक्षरी द्वारा सर्वप्रथम भूमि सम्बन्धित प्रकरण पर चर्चा की गयी एवं सम्बन्धित उपजिलाधिकारी को निर्देश दिया गया कि अप्राप्त भूमि सम्बन्धित प्रकरण तत्काल निस्तारित करायें तथा एक बार भूमि प्राप्त होने के उपरान्त यदि वहाँ पर Saline Water प्राप्त होता है तो उस योजना हेतु यथाशीघ्र दूसरी भूमि उपलब्ध कराया जाय, साथ ही साथ यह भी निर्देश दिया गया कि Saline Water Testing Report भी अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत किया जाय।

किसी योजना पर यदि किसी भी माननीय न्यायालय में स्टे या कोई मुकदमा वाद है तो उसका भी विवरण अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत किया जाय।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा यह भी निर्देश दिया गया कि जिन योजनाओं के निर्माण हेतु भूमि अनुपलब्ध है, उनकी सूची तत्काल सम्बन्धित उप जिलाधिकारी को शेयर कर दिये जायें एवं यदि किसी भी योजना पर पहुँच मार्ग का कोई प्रकरण हो तो सम्बन्धित अधिकारी प्रयास कर शीघ्र ही निस्तारण करायें।

**(कार्यवाही समस्त उपजिलाधिकारी, अधिशासी अभियन्ता जल निगम, मेसर्स वेलस्पन, मेसर्स एफकॉन्स, डी0सी0, डी0पी0एम0यू0)**

2. **मेसर्स वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0), जौनपुर।**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा मेसर्स वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0) द्वारा निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं का Cover Agreement wise गहन समीक्षा की गयी एवं अपेक्षित प्रगति न होने की स्थिति में कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी एवं अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), जौनपुर को यह निर्देश दिया गया कि कार्य पूर्ण होने की तिथि के उपरान्त समयवृद्धि देने के पश्चात् कितनी योजनाओं को दिनांकः 31.12.2024 तक पूर्ण किया जाना था एवं उन योजनाओं को अभी तक पूर्ण नहीं किया जा सका है, उसे मैन पॉवर बढ़ाकर पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

| क्र. सं. | फर्म का नाम | पाईप लाइन (कि0मी0) | | एफ0एच0टी0सी0 (नग) | | सड़क पुर्नस्थापना (कि0मी0) | | रोलर कार्य (नग) | | अवर जलाशय (नग) | | पेयजल आपूर्ति (राजस्व ग्रामवार) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण |
| 1 | वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0) | 7171 | 6507 | 196952 | 178262 | 1272 | 1224 | 355 | 217 | 355 | 71 | 884 | 143 |

Scanned with CamScanner

एवं कवर एग्रीमेन्टवार योजनाओं की औसत प्रगति निम्नानुसार है–

| Cover Aggrement SNo. | Completion date | DPR | Overall Progess in % |
|---|---|---|---|
| 1 | 31.12.2024 | 118 | 79.52 |
| 2 | 31.12.2024 | 30 | 76.81 |
| 3 | 31.12.2024 | 54 | 75.22 |
| 4 | 31.12.2024 | 3 | 79.91 |
| 5 | 31.12.2024 | 19 | 69.46 |
| 6 | 31.12.2024 | 72 | 69.99 |
| 7 | 31.12.2024 | 44 | 68.15 |
| 8 | 31.12.2024 | 10 | 67.18 |
| 9 | 31.12.2024 | 5 | 67.71 |
| | Total- | 355 | 72.66 |

(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता जल निगम, मेसर्स वेलस्पन, डी०सी०, डी०पी०एम०यू०, टी०पी०आई०)

3. मेसर्स एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर, जौनपुर।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा मेसर्स एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर द्वारा निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं की Cover Agreement wise समीक्षा की गयी। अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त की गयी एवं जनपद की उक्त प्रगति के कारण खराब रैकिंग हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि श्रमिकों की संख्या में वृद्धि कर कार्य की प्रगति बढ़ावें।

| क्र. सं. | फर्म का नाम | पाईप लाइन (कि0मी0) | | एफ0एच0टी0सी0 (नग) | | सड़क पुर्नस्थापना (कि0मी0) | | सोलर कार्य (नग) | | अवर जलाशय (नग) | | पेयजल आपूर्ति (राजस्व ग्रामवार) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण |
| 1 | एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर | 16597 | 13336 | 374048 | 324216 | 2056 | 1997 | 853 | 517 | 869 | 149 | 2252 | 443 |

एवं कवर एग्रीमेन्टवार योजनाओं की औसत प्रगति निम्नानुसार है–

| Cover Aggrement SNo. | Completion date | DPR | Overall Progess in % |
|---|---|---|---|
| 1 | 30.06.2024 | 60 | 77.89 |
| 2 | 30.06.2024 | 47 | 75.52 |
| 3 | 30.06.2024 | 53 | 69.49 |
| 4 | 30.06.2024 | 92 | 70.48 |
| 5 | 30.06.2024 | 129 | 71.65 |
| 6 | 30.06.2024 | 134 | 69.22 |
| 7 | 30.06.2024 | 81 | 58.38 |
| 8 | 30.06.2024 | 101 | 65.32 |
| 9 | 30.06.2024 | 85 | 64.64 |
| 10 | 30.06.2024 | 41 | 56.72 |
| 11 | 30.06.2024 | 47 | 57.37 |
| Total | | 870 | 66.98 |

(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता जल निगम, मेसर्स एफकॉन्स डी०सी०, डी०पी०एम०यू०, टी०पी०आई०)

Scanned with CamScanner

4. अधोहस्ताक्षरी द्वारा यह भी निर्देश दिया गया कि शिरोपरि जलाशय Cover Agreement wise 76–99 प्रतिशत तक न्यूनतम् 50 प्रतिशत योजनाओं को प्रत्येक दशा में दिनांक: 15.04.2025 तक पूर्ण कर लिया जाये एवं 51–75 प्रतिशत तक की योजनाओं को 76 से 99 प्रतिशत तक पूर्ण करें एवं 26 से 50 प्रतिशत तक की योजनाओं को 51 से 75 प्रतिशत तक पूर्ण कर लिया जाय, इस प्रकार प्रगति रिपोर्ट के चार्ट के कॉलम में प्रगति बायें से दायें तरफ विकसित करें।

| Name of Firm/ Agency | OHT Target | Progress 0 to 25% | Progress 26 to 50% | Progress 51 to 75% | Progress 76 to 99% | OHT Completed |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Welspun | 355 | 7 | 34 | 84 | 122 | 71 |
| Afcons | 870 | 44 | 135 | 250 | 273 | 149 |
| **Total-** | **1225** | **51** | **169** | **334** | **395** | **220** |

5. अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), जौनपुर को निर्देश दिया गया कि दोनों फर्मों से निर्धारित समय तक योजनाओं को पूर्ण करने हेतु कार्य योजना बनाकर प्राप्त कर लें एवं कार्य योजना के अनुरूप सम्यक् मानिटरिंग कर योजनाओं को पूर्ण करायें।

6. बैठक के अन्त में अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि समस्त जू0इं0 द्वारा अपने से सम्बन्धित जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों का निरीक्षण के उपरान्त 50–50 नग पेयजल योजनाओं का One Pager Progress Report तैयार कर अनुपालन आख्या के साथ अवश्य प्रस्तुत किया जाय।

(महेन्द्र राम)
अधिशासी अभियन्ता / सदस्य सचिव
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
जौनपुर

(डा0 दिनेश चन्द्र)
जिलाधिकारी / अध्यक्ष,
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
जौनपुर 05.4.2025

पत्रांक: 255 / जल जीवन मिशन / 61 दिनांक: 08-04-2025

<u>प्रतिलिपि–</u> निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित।

1. प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. मुख्य विकास अधिकारी जौनपुर।
3. अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), जौनपुर।
4. उपजिलाधिकारी, तहसील (मड़ियाहूँ, सदर, बदलापुर), जौनपुर।
5. नायब तहसीलदार, तहसील–मछलीशहर, जौनपुर।
6. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, जौनपुर।
7. टी0पी0आई0ए0 मेधज टेक्नो कॉन्सेप्ट प्रा0लि0, जौनपुर।
8. मे0 एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर / मे0 वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी), जौनपुर।

जिलाधिकारी
जौनपुर
08/04/2025

Scanned with CamScanner